आरोप

पुलिस की तानाशाही नहीं चलेगी, पुलिस प्रशासन होश में आओ

# आक्रोशित आदिवासी समाज ने लगाया पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप

**मामला पौनियां मे मिले अज्ञात जले नर कंकाल और लापता अशोक पंद्रे का**





**नवभारत कटंगी।** तिरोड़ी क्षेत्र में पुलिस द्वारा पूछताछ के नाम पर आदिवासी समाज के लोगों के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जो आप आदिवासी समाज द्वारा पुलिस पर लगाया गया है सोमवार की शाम तिरोड़ी की सड़कों पर 'पुलिस की तानाशाही नहीं चलेगी' के नारों के साथ आदिवासी समाज ने जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

यह विवाद मुख्य रूप से दो अलग-अलग घटनाओं से जुड़ा है: ग्राम पौनियां में मिली जली हुई लाश: 11 फरवरी 2026 को रेखाचंद राहंगडाले के खेत में पैरा (पुआल) के ढेर में एक अधजली लाश मिली थी।

अशोक पन्द्रे की गुमशुदगी: ग्राम बोलडोंगरी निवासी आदिवासी अशोक पन्द्रे 9 फरवरी से लापता हैं, जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके बेटों ने 17 फरवरी को दर्ज कराई थी।

पुलिस पर गंभीर आरोप

आदिवासी समाज का आरोप है कि जांच के नाम पर पुलिस निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रही है। लापता अशोक पन्द्रे के बेटों (दिलीप, रोहित, आशीष) और उनके साथियों (विकास कोकोड़े, नितेश परते, नितेश) ने पुलिस पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं:

मारपीट और दबाव: पीड़ितों का कहना है कि 18 से 21 फरवरी के बीच उन्हें रोज सुबह 10 बजे थाने बुलाया जाता था और रात 10 बजे तक बेरहमी से मारपीट की जाती थी।

झूठी स्वीकारोक्ति का दबाव: आरोप है कि पुलिस उन पर अपने ही पिता की हत्या कर शव जलाने का अपराध कबूल करने के लिए दबाव बना रही थी।

रिश्वत का लालच: पीड़ितों ने यह भी दावा किया कि पुलिस ने हत्या की बात कबूल करने के बदले 5 लाख रुपये देने का लालच भी दिया।

दोनों मामलों (जली हुई लाश और गुमशुदगी) की निष्पक्ष जांच हो। पूछताछ के नाम पर निर्दोष आदिवासियों को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना बंद किया जाए। लापता अशोक पन्द्रे का सही सलामत पता लगाया जाए।

पुलिस का रुख: दूसरी ओर, एसडीओपी विवेक शर्मा ने मारपीट के आरोपों का खंडन किया है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया है कि यदि पूछताछ के दौरान किसी भी प्रकार की सख्ती बरती गई है, तो संबंधित मातहत अधिकारियों को उचित समझाइश दी जाएगी।

प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तिरोड़ी थाने को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मौके पर कटंगी का अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। इस प्रदर्शन में ग्राम पंचायत पौनियां की सरपंच, जनपद सदस्य और बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**समाज की मांग और पुलिस का पक्ष**

लगातार हो रही प्रताड़ना से तंग आकर पीड़ितों ने समाज के सामने अपनी बात रखी, जिसके बाद सोमवार को बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय ने एकत्रित होकर एसडीओपी विवेक शर्मा को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा।



# बालाघाट में रात्रिकालीन डीजे पर सख्ती की मांग

### डहरवाल कलार समाज संगठन ने कलेक्टर से की कार्रवाई की अपील

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में सामाजिक सुधार और जनहित को ध्यान में रखते हुए डहरवाल कलार समाज संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसको लेकर 24 फरवरी को डहरवाल कलार संगठन के द्वारा एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा हैं। उन्होने कहा कि देर रात्रि तक डी.जे. ध्वनि से बच्चों और आम नागरिकों को भारी परेशानियां हो रहीं हैं, इसको लेकर जिला प्रशासन सख्ती अपनाते हुए उन पर कड़ी कार्यवाही की मांग की हैं।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र साकरे, संगठनमंत्री शिवाजी बाविस्ताले, दुर्गाप्रसाद बाविस्ताले, परदेशी राठौर, रविशंकर मंडलेकर, भुपेन्द्र डहरवाल, उमा शंकर नगरगड़े, पंकज डहरवाल, किशोरी लाल डहरवाल, मेहश बघेल सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रहीं।

जानकारी अनुसार, विगत वर्ष डहरवाल कलार समाज स्तर पर यह निर्णय लिया गया था कि किसी भी सामाजिक व्यक्ति द्वारा अपने बच्चों के विवाह में आयोजित लग्न कार्यक्रम रात्रि अधिकतम 10 बजे तक ही सम्पन्न किए जाएं तथा इसके बाद डी.जे. एवं अन्य तेज ध्वनि वाले उपकरणों का उपयोग पूर्णत: बंद कर करने का निर्मण लिया हैं।

डहरवाल कलार समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र साकरे ने कहा कि इस सामाजिक निर्णय के बावजूद कुछ असामाजिक तत्वों एवं अन्य समाज के लोगों द्वारा समय-सीमा का उल्लंघन करते हुए देर रात तक या पूरी रात डी.जे. बजाया जा रहा हैं। इससे न केवल निर्धारित ध्वनि मानकों की अवहेलना हो रही हैं, बल्कि अत्यधिक शोरगुल के कारण ध्वनि प्रदूषण भी फैल रहा है। आगे कहा कि तेज आवाज की आड़ में शराबखोरी, आपसी विवाद और दंगे-फसाद जैसी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है, जो समाज और कानून-व्यवस्था दोनों के लिए घातक है। जिला प्रशासन के द्वारा आदेश किया गया हैं कि 10 बजे के बाद भी डी.जे. प्रतिबंधत रहेंगा, लेकिन सख्ती जिला प्रशासन के द्वारा नहीं बरती जा रहीं हैं, जिससे आदेश का उल्लंघन करते हुए देर रात्रि तक बजते रहते हैं।

डहरवाल कलार समाज संगठन ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से विनम्र अपील की है कि जनहित में पूरे वर्ष जिले भर में रात्रि 10 बजे के बाद बजने वाले डी.जे. तथा तय ध्वनि सीमा से अधिक शोर करने वालों के खिलाफ सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए। संगठन का मानना हैं कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो इसका नकारात्मक असर समाज की शांति, स्वास्थ्य और आपसी सौहार्द पर पड़ेगा। संगठन ने प्रशासन से यह भी अनुरोध किया है कि आम जनता को जागरूक करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की ओर से एक स्पष्ट जनहितकारी एडवाइजरी जारी की जाए, ताकि विवाह एवं अन्य आयोजनों में ध्वनि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण, शराबखोरी एवं दंगे-फसाद जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।



# रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने किया मलाजखंड माइंस का भ्रमण

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 23 फरवरी 2026 को मलाजखंड माइंस का औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के संयोजक डॉ. राकेश चौरे ने बताया कि इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मलाजखंड माइंस में धातु उत्खनन की प्रक्रिया, अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन तथा पर्यावरणीय प्रभावों की जानकारी प्रदान करना था। विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सिंह द्वारा विद्यार्थियों को भ्रमण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

विद्यार्थियों को बताया गया कि खनन कार्य के दौरान निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को एक स्थान पर एकत्रित किया जाता है, जिसे टेलिंग तालाब कहा जाता है। इस टेलिंग मटेरियल के कारण आसपास के पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है, इसलिए उसके वैज्ञानिक प्रबंधन और रिसाइक्लिंग की आवश्यकता होती है। भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रक्रियाओं एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन की महत्ता समझाई गई।

इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग से प्रो. राकेश पटेल, प्रो. बाबा राहुल मेश्राम, प्रो. खिलेश्वर ठाकरे, डॉ. ताराचंद बड़ोदिया, श्री गेंदा लाल हनोटे एवं श्री दिलीप मराठे सहित लगभग 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्राप्त की और इसे अपने अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए उपयोगी बताया। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**नवभारत, बालाघाट।** थाना कोतवाली बालाघाट में आवेदक विशाल बिसेन, निवासी ग्राम गर्रा द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई कि रूपेश पटले नामक व्यक्ति द्वारा लोगों से धनराशि लेकर फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस तैयार कर धोखाधड़ी की जा रही है।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा आवेदक सहित अन्य पीड़ित व्यक्तियों के कथन लेखबद्ध किए गए तथा संबंधित व्यक्तियों से प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंसों को जिला परिवहन कार्यालय, बालाघाट से सत्यापन हेतु प्रेषित किया गया। जांच के दौरान संकलित साक्ष्य, दस्तावेजों के परीक्षण एवं कथनों के आधार पर यह प्रमाणित हुआ कि आरोपी द्वारा अवैध रूप से फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस तैयार कर संबंधित व्यक्तियों से धनराशि प्राप्त कर धोखाधड़ी की गई है। उक्त तथ्य प्रकाश में आने पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 103/2026, धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।




प्रकरण में आरोपी रूपेश पटले, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम कंजई थाना लालबर्रा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

पंजीबद्ध प्रकरण अपराध क्रमांक - 103/2026 धारा - 318(4) भारतीय न्याय संहिता।

बालाघाट पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार का ड्राइविंग लाइसेंस अथवा अन्य शासकीय दस्तावेज केवल अधिकृत शासकीय कार्यालय से निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से ही प्राप्त करें। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति/दलाल को धनराशि देने से बचें।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कामेश धूमकेती, उप निरीक्षक संजय किरार, उप निरीक्षक सतेन्द्र भदौरिया, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र माटे, प्रधान आरक्षक युगलकिशोर पटले, आरक्षक कमल यदुवंशी एवं आरक्षक रविशंकर की उल्लेखनीय एवं सराहनीय भूमिका रही।



# एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत सेडमैप द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सेडमैप के जिला समन्वयक श्री सुनील डॉके, डीटीआईसी एएम श्री ऋषिकांत ठाकुर, जिला बागवानी अधिकारी श्रीमती रानी अमूले, नर्सरी डेवलपर उद्यमी श्री मोहित गाढ़ेकर तथा सेडमैप कर्मी श्री तरुण ने विद्यार्थियों को उद्यमिता, स्वरोजगार के अवसरों एवं कौशल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनिल पंचारिया ने लगभग 60 विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्मनिर्भरता और नवाचार ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल की पहचान कर उसे रोजगार के अवसर में परिवर्तित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन टीपीओ डॉ. प्रतिमा बिसेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण का सक्रिय सहयोग रहा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

# कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में 24 एवं 25 फरवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम' रखा गया है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरा के अनुसार पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं शाल भेंट कर किया गया। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी की संयोजक डॉ. सरोज घोडेश्वर ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की समकालीन प्रासंगिकता को रेखांकित किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार गुप्ता (विशेष कर्तव्य अधिकारी, कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जबलपुर) ने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए।

प्रथम विषय विशेषज्ञ के रूप में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं हिंदी साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार ने भारतीय साहित्य और परंपरा के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य, शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल पी.जी. महाविद्यालय, सीहोरा) ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की समसामयिक उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार मासुलकर एवं प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने भी अपने प्रेरक उद्बोधन दिए।


कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रीति उइके ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन श्री विजय कुमार तुरकर द्वारा किया गया। भोजनावकाश के पश्चात आयोजित तकनीकी सत्र में प्रतिभागियों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। साथ ही महाविद्यालय परिसर में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं श्री अन्न प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित जनों को भारतीय सांस्कृतिक एवं आहार परंपरा से परिचित कराया।

### ई-औषधि पोर्टल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** आयुष विभाग द्वारा ई-दक्ष केंद्र, बालाघाट में ई-औषधि पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के समस्त आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं विभिन्न आयुष संस्थाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉ. ललित ठाकरे एवं डॉ. रतनदीप पटेल ने ई-औषधि सॉफ्टवेयर के तकनीकी एवं व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को औषधियों की ऑनलाइन एंट्री, स्टॉक प्रबंधन, वितरण प्रक्रिया, मांगपत्र ऑनलाइन प्रेषण तथा डाटा अद्यतन की संपूर्ण प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# धूमधाम से मनाया जाएगा फागुन महोत्सव

**नवभारत कटंगी 24 फरवरी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कटंगी नगर में धूमधाम से फागुन महोत्सव के आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। खाटू श्याम झुन्झुनू धाम मंदिर के सेवक कन्हैया शर्मा ने बताया है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी फागुन महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।



27 फरवरी को बाबा का अभिषेक श्रृंगार होगा 28 फरवरी को 11:00 बजे से निशान यात्रा जो श्री राम मंदिर से निकलकर खाटू श्याम झुंझनू मंदिर पहुंचेंगे और शाम को 5:00 बजे से श्याम बाबा का कीर्तन फूलों की होली का आयोजन होगा। रात्रि में भजन गायक रायपुर के अमन अग्रवाल गोंदिया के सुनील करोड़िया और सागर भजन की प्रस्तुति देंगे तथा रात्रि 9:00 बजे महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# आर्मी कर्मी पर जानलेवा हमला, गला दबाया

**कोर्ट में विचारधानी केस को वापस लेने बनाया दबाव**

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार के अंतर्गत तिलहरी निवासी एक आर्मी फार्मासिस्ट पर सरेराह बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते न्यायालय में चल रहे केस को वापस लेने का दबाव बनाया और इनकार करने पर लोहे की रॉड व पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद गला भी दबाया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संत जलाराम बाबू नगर तिलहरी निवासी रीतेश कुमार शिवहरे ने बताया कि वे एमएच आर्मी में फार्मेसी के पद पर कार्यरत हैं। जब वे बिलहरी स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पास अपने बच्चे के लिए गुब्बारे खरीद रहे थे, तभी एक्टिवा सवार आरोपी माहिम राय और सोनू राय वहां पहुंचे। दोनों आरोपियों ने आते ही अभद्रता शुरू कर दी और कोर्ट केस वापस न लेने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। माहिम राय ने रीतेश का कॉलर पकड़कर उन्हें गाड़ी से नीचे गिरा दिया जिसके बाद सोनू राय ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में रीतेश के दाहिने हाथ के पंजे में गंभीर चोट आई है। वहीं माहिम राय ने पत्थर मारकर उनके चेहरे को लहूलुहान कर दिया और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

### नवविवाहिता ने की खुदकुशी

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजा बाबू चौधरी (32 ) निवासी विराट कॉलोनी शहपुरा ने सूचना दी कि उनकी बहू श्रीमती साधना चौधरी (26 ) ने भेड़ाघाट चौराहा स्थित अपने किराये के मकान में फांसी लगा ली थी। परिजनों द्वारा उसे तत्काल गंभीर हालत में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान स्थिति में सुधार न होने के कारण साधना चौधरी की मौत हो गई।

# जमीन की सौदेबाजी में लाखों की धोखाधड़ी, बरेला पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला में जमीन की सौदेबाजी में लाखों की धोखाधड़ी की बल्कि आरोपित ने मुख्तयारनामा कराकर पीड़ित की आर्थिक तंगी का फायदा उठाकर अवैधानिक रूप से ऋण दिया और उस पर अवैधानिक रुप से अत्याधिक ब्याज लगाने के साथ कर्ज एवं ब्याज की वसूली के लिए दबाव बना धमकाया ।

पुलिस के मुताबिक बृजेश दुबे 39 वर्ष निवासी ग्राम सिलुआ ने लिखित शिकायत की कि वह ग्राम सालीवाडा निवासी शुभम चौबे को वर्ष 2016 से पहचानता है वर्ष 2014 में ग्राम सिलुआ में मैन रोड खसरा नम्बर 390/4 का रकवा 0.07 हेक्टेयर भूमि लगभग 7623 वर्ग फुट जमीन प्रदीप झारिया निवासी ग्राम सिलुआ से खरीदा था, वर्ष 2018 में उसे खेती किसानी के लिये पैसे की तंगी होने के कारण अपने दोस्त शुभम चौबे से उधार पैसे के लिये बोला तो शुभम चौबे ने यूनियन बैंक आफइंडिया शाखा टी.एफआर.आई. के चैक के माध्यम से कुल 11 लाख रुपये दिये थे, कुछ महीने बाद उसे शुभम चौबे कहा कि तुम्हारा पैसे का ब्याज 26 लाख रुपये हो गया है, रूपये वापस करो, उसने अपने दोस्तों, रिश्तेदारों से पैसे लेकर पैसा दिया था, परन्तु 26 लाख रुपये नहीं हो पा रहे थे, तो शुभम चौबे ने उसे डरा धमकाकर बोला कि अपनी जमीन का मुख्तयारनामा मेरे नाम करबा दो, जब तुम्हारे पास पैसे हो जायेंगे तब मैं तुम्हारी जमीन वापस कर दूंगा।


**TECHAR'S REQUIREMENT**

| Subject | Requirement | Qualification |
|---|---|---|
| English | 01 | Graduation D.Ed, B.Ed |
| Science | 01 | |
| Maths | 01 | |
| SST | 01 | |
| Computer Operator | 01 | |

पता-अनुपमा रॉयल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल आशा निवास के पीछे वार्ड नं. 02 भटेरा चौकी, बालाघाट (म.प्र) मो. 9399010324, 9981250403, 9893083276